प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

विधानसभा के बजट सत्र में आज भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून–व्यवस्था को लेकर भाजपा विधायकों ने सदन के वेल में जमकर नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका गोलीकांड का मुद्दा उठाते हुए सरकार को घेरा।

हंगामे के दौरान आजसू विधायक तिवारी महतो को मार्शल आउट करने का आदेश दिया गया, हालांकि बाद में उन्हें वापस बुला लिया गया। सरकार की ओर से संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

****

पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए प्राकृतिक गैस के उत्पादन को विनियमित करने, आपूर्ति बनाए रखने, समान वितरण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया है। एक रिपोर्ट –

****

रांची सिविल कोर्ट को एक बार फिर ई–मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए इस ई–मेल के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। बम निरोधक दस्ता कोर्ट परिसर में पहुंचकर सघन जांच अभियान चला रहा है। पिछले एक महीने में यह तीसरी बार है जब इस तरह की धमकी मिली है।

****

पश्चिमी सिंहभूम के गुवा में आज सीआईएसएफ का 57वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुवा और मेघाहातुबुरु इकाई के इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक चंद्रभूषण कुमार ने जवानों के शौर्य और अनुशासन की सराहना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया और जवानों ने देश की औद्योगिक संपदा की सुरक्षा का अपना संकल्प दोहराया।

****

राज्य में मौसम ने करवट ली है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विशेषकर उत्तर–पूर्वी और मध्य जिलों में तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

****

राज्य सरकार ने बहुप्रतीक्षित सीधी नियुक्ति नियमावली 2026 जारी कर दी है। अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी मिल सकेगी। झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि इससे राज्य में खेल संस्कृति और खिलाड़ियों का भविष्य, दोनों मजबूत होंगे।

*******समाप्त********